उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय

राजकीय आईटीआई परिसर, अलीगंज, लखनऊ-226024

लखनऊ: दिनांक: 13 जनवरी, 2025

सेवा में,

समस्त सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता
उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
उत्तर प्रदेश

विषय: माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु "प्रोजेक्ट प्रवीण" के अन्तर्गत लक्ष्य आवंटन हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु मिशन में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं को "प्रोजेक्ट प्रवीण" के अन्तर्गत लक्ष्य आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के क्रम में मिशन में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि जो प्रशिक्षण प्रदाता "प्रोजेक्ट प्रवीण" के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण संचालन हेतु इच्छुक है वे अपना अनुरोध प्रत्येक दशा में दिनांक: 17 जनवरी, 2025 तक अपनी टी0पी0 लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उपरोक्त निर्धारित अवधि के पश्चात किसी भी माध्यम से प्राप्त अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा सर्वप्रथम उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की बेबसाइट **www.upsdm.gov.in** पर अपनी टी0पी0 लॉगिन के माध्यम से अनुरोध हेतु सर्वप्रथम प्राथमिकता के आधार पर **जनपद का चयन**, तत्पश्चात **विद्यालय**, **सेक्टर** व **जॉबरोल** का चयन किया जायेगा, इस प्रकार प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं के अनुसार लक्ष्य आवंटन हेतु अनुरोध किया जा सकेगा:-

1. प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा अधिकतम् **3 जनपदों** में ही आवेदन किया जा सकता है।
2. प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा किसी भी जनपद के अधिकतम **3 विद्यालयों** हेतु ही आवेदन किया जा सकता है।
3. प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा प्रत्येक चयनित विद्यालय में वांछित2 सेक्टरवार जॉब-रोल में ही आवेदन किया जा सकता है।
4. समस्त जनपदों व चयनित किये गये विद्यालयों की प्रविष्टि कोDSC के माध्यम से Lock किया जायेगा, जिसमें किसी भी प्रकार परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
5. प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा किये गये आवेदन यथा जनपद, विद्यालय, स्कूल व जॉब-रोल पर अंतिम निणर्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा लिया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित समयावधि (18/01/25) में प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु लक्ष्यावंटन हेतु अपने विकल्प को पोर्टल पर सावधानीपूर्वक उल्लिखित करते हुये Lock करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Abhishek Singh
Date: 13-01-2025 17:10:51

(अभिषेक सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवे अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. आई0टी0 प्रकोष्ठ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार पोर्टल पर व्यवस्था करते हुए आदेश को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उत्तर प्रदेश।
6. गार्ड फाइल।

(अभिषेक सिंह)
मिशन निदेशक

How to Apply on the Portal for Project Praveen (2024-25)

1. Login from TP ID.



2. Click on ''Apply School & Job role (Project Praveen)'' Option



3. Select the District, School, Sector & Job role.



4. After that you can submit the detail with your DSC.

Contact us

For Technical Assistance – Vijay Namdev (7991200109)

For Non-Technical Assistance –Ram saharey (7991200111)